एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

। बरेली ।

शुक्रवार, 17 जुलाई 2026, वर्ष 7,

**PAGE NO : 04 BOTTOM**

## साहित्य सरिता में कविताओं ने श्रोताओं का मन मोहा

बरेली, अमृत विचार : एसआरएमएस रिद्धिमा में गुरुवार शाम कवि सम्मेलन 'साहित्य सरिता' में कवियों ने श्रोताओं को मुग्ध कर दिया। कवयित्री आकांक्षा गुप्ता ने 'प्रेम ग्रंथों में कथाओं में पढ़ा, वेद मंत्रों में ऋचाओं में पढ़ा, लोक हित में कभी खुली थीं जो, तुमको उन शिव की जटाओं में पढ़ा...सुनाकर सनातन धर्म को विशेषता सामने रखी। उमेश त्रिगुणायत 'अद्भुत' ने 'मजहबों के नाम पर बांटा हुआ हूं दोस्तों, इस जहां में बेसबब डांटा हुआ हूं दोस्तों सुनाया। गीतकार विकास आर्य, हास्य-व्यंग्य कवि पीके 'दीवाना', हिमांशु श्रोत्रिय, 'मृत्युंजय', अभिषेक अनंत, विकास आर्य आदि ने भी काव्य पाठ किया। डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज गुप्ता, डॉ. शैलेश सक्सेना, अश्वनी कुमार चौहान आदि मौजूद रहे।



साहित्य सरिता में कविता पाठ करने पहुंचे कवि। ● अमृत विचार